जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन नगर निगम भिलाई कमिश्नर पहुंचे सुपेला संडे मार्केट व्यापारियों की दी समझाइश

भिलाई नगर निगम भिलाई क्षेत्र में सुपेला घड़ी चौक से लेकर कोका चौक तक संडे बाजार प्रत्येक रविवार को लगता है । जिसके कारण सुबह से शाम तक ट्रैफिक व्यवस्था अव्यवस्थित हो जाता है। इतना अधिक जाम लग जाता है कि अगर एंबुलेंस निकलना हो उसके लिए भी घंटों मशक्कत करनी पड़ेगी । स्थानीय नागरिकों द्वारा व्यापारियों द्वारा बार-बार जिला प्रशासन निगम प्रशासन पुलिस प्रशासन से मांग की जा रही थी की संडे मार्केट को व्यवस्थित तौर पर लगाया जाए . समस्या का निवारण करने के लिए आज जिला प्रशासन से a d m संजय अग्रवाल एडिशनल SP शशिमोहन सिंह .नगर निगम भिलाई के आयुक्त केएल चौहान औचक निरीक्षण करने मार्केट में पहूंचे सभी व्यापारियों को समझाइश दिए उन्हें चेतावनी दी गई अगले रविवार तक वे लोग रोड के ऊपर बाजार नहीं लगाएंगे । बाजार को सुपेला घड़ी चौक से लेकर कोका चौक तक किनारे पर लगा सकते हैं । सड़क पर फैले हूए सामानों को अपने हद में रखना होगा पेटी वाले खोमचे वाले फर्नीचर वाले ठेला वाले कपड़ा वाले सभी लोग बीच में रोड ब्लॉक करके समान सड़क पर रख देते हैं जिससे भारी असुविधा होती है । निगम प्रशासन सख्त निर्देश दिए की कल से यहां पर मुनादी की जाएगी सब को जानकारी दी जाएगी एक हद में दुकाने लगाना होगा । अगर कोई शासन के आदेश का अवहेलना करेगा उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी । सभी पक्ष के लोग मिलजुल कर के शासन के नियमों के अनुसार अपनी दुकानें लगाएं । उसका पंजीयन कराएं .उसका लाइसेंस बनवाएं .खाकर लाइसेंस .हाकर लाइसेंस गुमास्ता .लाइसेंस बनवाना अनिवार्य होगा । इससे

छोटे वर्ग के रेवड़ी मजदूरों व्यवसाइयों को शासन की योजनाओं का लाभ मिल सकेगा स्थानीय व्यापारियों ने शासन के इस पहल की सराहना की . की बिना बताए प्रशासनिक अधिकारी सुपेला चौक से लेकर कोका चौक तक तीन बार निरीक्षण किए एक व्यापारी से मिले समझा इसलिए अब आगे की पहल व्यापारी लोगों को मिलकर करना होगा । निरीक्षण के दौरान निगम भिलाई के जोन वन के आयुक्त बीके देवांगन राजस्व अधिकारी एचके चंद्राकर इंजीनियर अभियंता सुनील दुबे r i प्रकाश अग्रवाल एवं अन्य निगम के पुलिस प्रशासन के जिला प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे जनसंपर्क विभाग नगर निगम भिलाई